## वित्तीय व्यय की समीक्षा आख्या –अयोध्या मण्डल
## भ्रमण तिथि–22 से 24 जनवरी 2025

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार (कार्यालय पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0 एण्ड ई0/2024–25/04/6949–2 दिनांक–21–01–2025 के संदर्भ में राज्य स्तरीय टीम के द्वारा वित्तीय व्यय की समीक्षा हेतु दिनांक 22 से 24 जनवरी 2025 तक अयोध्या मण्डल का स्थलीय पर्यवेक्षण किया गया।

### राज्य स्तरीय टीम के सदस्यः–

डा0 अनामिका मिश्रा, महाप्रबंधक–अनुश्रवण एवं मूल्यांकन., एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।
श्री इन्द्रजीत सिंह, परामर्शदाता, किशोर स्वास्थ्य, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।
श्री मृदुलराज जोशी, तकनीकी एक्जीक्यूटिव, वित्त अनुभाग, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।

### दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान की गयी गतिविधियां–

- संयुक्त निदेशक–अयोध्या मण्डल, मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपदीय नोडल अधिकारियों के साथ वित्तीय व्यय की समीक्षा बैठक।
- जनपदों में मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपदीय नोडल अधिकारियों के साथ निम्न तालिकानुसार वित्तीय व्यय की समीक्षा बैठक की गयी :–

| क.स. | तिथि | जनपद |
|---|---|---|
| 1. | 22 जनवरी 2025 | जनपद अमेठी एवं सुल्तानपुर |
| 2. | 23 जनवरी 2025 | जनपद अयोध्या एवं अम्बेडरनगर |
| 3. | 24 जनवरी, 2025 | जनपद बाराबंकी |

दिनांक 22 से 24 जनवरी, 2025 के मध्य राज्य स्तरीय गठित टीम द्वारा अयोध्या मण्डल का भ्रमण किया गया जिसमें आवंटित बजट के सापेक्ष किये गये दिसम्बर 31 तक की गहन व्यय की प्रगति की समीक्षा अयोध्या मण्डल स्तर पर की गयी। मण्डल स्तरीय बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय के एकाउन्टेण्ट, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला लेखा प्रबन्धक, डी0सी0पी0एम0 तथा जनपद स्तरीय बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय के एकाउन्टेण्ट, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला लेखा प्रबन्धक, डी0सी0पी0एम0, विभिन्न कार्यक्रमों के जनपदीय कंसल्टेंट/प्रोग्राम कोआर्डिनेटर, बी.सी.पी.एम., बी.ए.एम आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया है।

उक्त के क्रम में दिनांक 22 से 24 जनवरी, 2025 की समीक्षा बैठक में अयोध्या मण्डल के जनपदों में कुल व्यय की प्रगति की स्थिति निम्नानुसार है–

**Committed Budget Expenditure Status on 15.02.2025**

| District | Allocated Budget | Expenditure 16.07.24 | | Expenditure till 05.10.24 | | Allocated Budget on 15.02.25 | Expenditure till 15.02.25 | Increace in % | Net Increace in % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| AMBEDKAR NAGAR | 709.43 | 15.47 | 2% | 87.34 | 12% | 1,016.81 | 115.47 | 11% | 9% |
| AMETHI | 936.00 | 141.00 | 15% | 294.82 | 31% | 1,037.87 | 361.09 | 35% | 20% |
| BARABANKI | 2,483.23 | 756.44 | 30% | 1,125.65 | 45% | 2,736.63 | 1,248.81 | 46% | 15% |
| AYODHYA | 1,187.97 | 79.25 | 7% | 217.73 | 18% | 1,443.05 | 382.95 | 27% | 20% |
| SULTANPUR | 974.04 | 112.78 | 12% | 208.92 | 21% | 1,028.76 | 356.69 | 35% | 23% |
| | 6,290.68 | 1,104.94 | 18% | 1,934.45 | 31% | 7,263.12 | 2,465.01 | 34% | 16% |

**Regular Budget Expenditure Status on 15.02.2025**

| District | Allocated Budget | Expenditure 16.07.24 | | Expenditure till 05.10.24 | | Allocated Budget on 15.02.25 | Expenditure till 15.02.25 | Increace in % | Net Increace in % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| AMBEDKAR NAGAR | 9,960.64 | 1,077.01 | 11% | 2,340.59 | 23% | 11,078.47 | 4,969.58 | 45% | 26% |
| AMETHI | 7,993.43 | 993.08 | 12% | 1,956.62 | 24% | 8,691.07 | 4,293.81 | 49% | 29% |
| BARABANKI | 14,176.46 | 1,452.97 | 10% | 3,186.30 | 22% | 15,565.56 | 7,231.92 | 46% | 29% |
| AYODHYA | 12,235.96 | 1,368.01 | 11% | 2,939.03 | 24% | 13,641.79 | 6,002.07 | 44% | 25% |
| SULTANPUR | 10,686.48 | 943.97 | 9% | 2,876.77 | 27% | 11,907.69 | 6,324.40 | 53% | 32% |
| | 55,052.98 | 5,835.04 | 11% | 13,299.32 | 24% | 60,884.58 | 28,821.78 | 47% | 28% |

**Total Budget Expenditure Status on 15.02.2025**

| District | Allocated Budget | Expenditure 16.07.24 | | Expenditure till 05.10.24 | | Allocated Budget on 15.02.25 | Expenditure till 15.02.25 | Increace in % | Net Increace in % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| AMBEDKAR NAGAR | 10,670.07 | 1,092.47 | 10% | 2,427.92 | 23% | 12,095.27 | 5,085.05 | 42% | 25% |
| AMETHI | 8,929.43 | 1,134.08 | 13% | 2,251.44 | 25% | 9,728.94 | 4,654.90 | 48% | 28% |
| BARABANKI | 16,659.69 | 2,209.41 | 13% | 4,311.95 | 26% | 18,302.19 | 8,480.73 | 46% | 27% |
| AYODHYA | 13,423.93 | 1,447.27 | 11% | 3,156.77 | 24% | 15,084.84 | 6,385.02 | 42% | 25% |
| SULTANPUR | 11,660.53 | 1,056.75 | 9% | 3,085.69 | 26% | 12,936.45 | 6,681.09 | 52% | 31% |
| | 61,343.65 | 6,939.98 | 11% | 15,233.77 | 25% | 68,147.70 | 31,286.79 | 46% | 27% |

**मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान निम्न बिन्दु संज्ञान में आये :—**

- अयोध्या मण्डल के अधिकांश जनपदों में बहुत से एफ.एम.आर. कोड पाये गये जिसमें धनराशि आवंटन नहीं की गयी है। परन्तु एफ.एम.आर. कोड में धनराशि के व्यय का अंकन किया गया है।
- जनपदों द्वारा ब्लाक एक्शन प्लान का मुद्रण कराकर ब्लाक को प्रेषित नहीं किया गया है, जबकि ब्लाक एक्शन प्लान मुद्रित कराकर उपलब्ध कराने हेतु धनराशि का प्रावधान है।
- निर्देशित किया गया कि सभी कार्यक्रमों के कंसल्टेंट/कोआर्डिनेटर द्वारा अपने कार्यक्रम का एफ.ए.एम.एस. पर ब्लाक एक्शन प्लान तैयार किया जाये तथा सम्बंधित सक्षम अधिकारी से अनुमोदित कराया जाये।
- जनपद एवं ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम अधिकारियों तथा लेखा प्रबन्धक के मध्य समन्वय की कमी के कारण समयानुसार धनराशि के व्यय कमी पायी गयी।
- समीक्षा बैठक में पाया गया कि विभिन्न कार्यक्रमों के कंसल्टेंट/कोआर्डिनेटर की एफ.ए.एम.एस. की आई.डी. नहीं बनायी गयी है। व्यय सम्बंधी सूचना हेतु जिला लेखा प्रबंधक पर निर्भरता है, जिसके कारण समय पर वित्तीय समीक्षा नहीं हो पाती है।
- महाप्रबंधक—अनुश्रवण एवं मूल्यांकन द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी कंसल्टेंट/कोआर्डिनेटर की एफ.ए.एम.एस. आई.डी. बनायी जाये एवं उनका मण्डलीय लेखा प्रबंधक द्वारा अभिमुखीकरण भी किया जाये। यदि आवश्यक हो तो राज्य स्तर से वित्त अनुभाग द्वारा सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।
- एफ.ए.एफ.एस. पोर्टल पर बजट आवंटन के पश्चात ही व्यय किया जाये। बजट आवंटन न होने की स्थिति में व्यय कदापि न किया जाये।
- अवगत कराया गया कि जे.एस.वाई. प्रशासनिक मद से कर्मचारी का मानदेय न निर्गत किया जाये। विशेष परिस्थिति में कार्य आधारित भुगतान किया जा सकता है।
- अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान के मद में कोई भी धनराशि कमिट नहीं करायी जायेगी। शत् प्रतिशत व्यय इसी वर्ष नियमानुसार सुनिश्चित कर लिया जाये।
- जनपद सुल्तानपुर में जिला लेखा प्रबंधक बैठक में अनुपस्थित थे। समीक्षा के प्रति उदासीनता पायी गयी। क्योंकि समीक्षा बैठक में पूर्व से निर्धारित 05 खराब प्रर्दशन वाले ब्लाकों के सभी प्रतिभागियों को नहीं बुलाया गया था। इस कारण वृहद स्तर पर सभी ब्लांको से समीक्षा नहीं की जा सकी।
- जनपद बाराबंकी में समीक्षा बैठक हेतु उदासीनता पायी गयी सभी अधिकारियों एवं कार्यक्रमों के कसंल्टेंट द्वारा आवश्यक सूचनाओं के साथ प्रतिभाग नहीं किया गया।
- जनपद अम्बेड़कर नगर की अर्बन कोआर्डिनेटर द्वारा बिना सूचना के ही बैठक छोड़कर कहीं चले गये थे।

**स्थान : आयुष्मान आरोग्य मंदिर टिकारिया, ब्लाक गौरी जनपद अमेठी**

- आयुष्मान मन्दिर टिकरिया एन.क्यू.ए.एस. सर्टिफाइड इकाई है। सी.एच.ओ. का कार्य सरहनीय पाया गया।
- 62 आवश्यक दवाओं के सापेक्ष मात्र 58 दवाएं उपलब्ध हैं, उपलब्ध दवाओ की सूचना इकाई पर डिसप्ले पायी गयी। अन्य दवाओ का इंडेंट कर शीघ्र उपलब्ध करना सुनिश्चित करें।
- प्रिंटेड ओपीडी,जांच रजिस्टर, स्टॉक रेफरल रजिस्टर उपलब्ध पाये गये। डेड स्टॉक रजिस्टर उपलब्ध है अपडेट करने की आवश्यकता पायी।
- एएनएम एवं सीएचओ को गुण
- वात्ता पूर्ण एएनसी पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है, एएनसी बढ़ाने के लिए आशा वार समीक्षा की आवश्यकता है।।
- जांच किट में आयोडीन, पानी की जांच किट, Hep–B, किट उपलब्ध थी।
- प्रसव कक्ष में IEC एवं प्रोटोकॉल पोस्टर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय।

- FPLMIS पोर्टल के माध्यम से परिवार नियोजन साधनों का इंडेंट तथा सेवा देने के पश्चात इश्यू टू क्लाइंट किया जा रहा है।
- Anmol portal अपडेट पाया गया एवं इकाई पर एन.सी.डी. स्क्रीनिंग की जा रही थी।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, ब्लाक राम नगर जनपद बाराबंकी**

- समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर एफ.आर.यू. है। परन्तु कहीं पर भी ब्राडिंग नहीं की गयी थी।
- परिसर में साफ–सफाई का अभाव पाया गया एवं इकाई के कई कक्ष के शीशे टूटे हुये पाये गये।
- NBSU क्रियाशील था। बेबी वजन मशीन एवं फोटोथिरेपी टाइमर खराब पाया गया।
- लेबररूम में लेबर टेबल पर रखी पिलो बहुत ही गंदी है, लेबर टेबल पर कॅलिस पैड नहीं है। लेबररूम में डिजिटल वॉल क्लॉक नही थी। लेबररूम में Wall mounted thermometer नहीं है।
- लेबररूम में ऑटोक्लेव का लॉग–बुक नहीं तैयार किया गया, जिससे ये पता करना मुश्किल था की अन्तिम बार कब ऑटोक्लेव उपयोग किया गया। Delivery सेट नहीं रखा गया है जबकि निर्धारित मानक के अनुसार हमेशा 2 ऑटोक्लेव किया हुआ Delivery सेट रखा जाना आवश्यक है।
- केस शीट अपूर्ण पायी गयी तथा किसी भी स्टाफ नर्स द्वारा केस शीट पूर्ण रूप से नही भरी जा रही है।
- MNH tool kit के अनुसार लेबर रूम हेतु आवश्यक ट्रे, दवाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
- निर्धारित मानक अनुसार प्रसव मे प्रयोग किए जाने वाले इन्स्ट्रुमेंट को विसंक्रमित किया जाय।
- अंतराल एवं प्रसव पश्चात परिवार नियोजन की उपलब्धता से संतुष्ट,परिवार नियोजन काउंसलिंग कॉर्नर की स्थापना की जाय तथा काउंसलिंग हेतु स्टाफ नर्स को नामित किया जाय।
- पी.पी.आई.यू.सी.डी. / आई.यू.सी.डी.रजिस्टर्स अपूर्ण पाये गये, रजिस्टर के सभी कॉलम में जानकारी नहीं भरी जा रही थी।
- लाभार्थियों को खाना नियमित रूप से नहीं दिया जा रहा था तथा डाइट रजिस्टर अपूर्ण पाये गये।
- बॉयोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण लैब एवं लेबर रूम में मानकानुसार नहीं किया जा रहा था।
- किशोर साथिया केन्द्र में मासिक रिपोर्ट काउसंलर द्वारा सही से नहीं बनायी जा रही है।
- किशोर स्वास्थ्य काउंसलर को कम्प्यूटर एवं प्रिन्टर नहीं उपलब्ध कराया गया है।
- आर.के.एस. रजिस्टर्स मांगे जाने पर भी इकाई द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया, जिसके कारण आर.के.एस. से सम्बंधित व्यय की समीक्षा नहीं की जा सकी।
- इकाई पर भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की कोई भी बुकलेट इत्यादि नहीं तैयार की जाती है, जिसके कारण माहवार विवरण की स्थिति इकाई पर उपलब्ध नहीं थी।

Mridul Raj Joshi
Technical Support
SPMU (NHM)

इन्द्रजीत सिंह
तकनीकी सलाहकार- किशोर स्वास्थ्य
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ०प्र०